# धोखाधड़ी के जाल से बच निकालना

# ऑनलाइन घोटालों के मकड़जाल को पहचानना

**सी. आई. एस. ओ. कार्यालय**

यूको बैंक (भारत सरकार का उपक्रम)
UCO BANK (A Govt. of India Undertaking)

सम्मान आपके विश्वास का
Honours Your Trust

# डिजिटल धोखाधड़ी का खुलासा

डिजिटल क्षेत्र की विशाल परिधि में, जटिल नेटवर्कों के बीच, जालसाजों द्वारा बड़ी सावधानी से मकड़ी के जाल के समान जाल बिछाए जाते हैं। ये अदृश्य जाल ऑनलाइन समाधान, जानकारी या अवसर तलाशने वाले भोले व्यक्तियों को फँसाते हैं। भ्रामक नौकरी -प्रस्ताव से लेकर नकली ग्राहक सेवा तक, ऑनलाइन घोटालों का जाल जटिल और व्यापक है।

# ऑनलाइन धोखे के जाल से बचने की रणनीतियों पर प्रकाश

यह आलेख एक मार्गदर्शक है जो इन वास्तविक जालों के बारे में आपको जागरूक करेगा और डिजिटल परिदृश्य में सुरक्षित रहने में सतर्कता की महत्वपूर्ण भूमिका से आपको अवगत कराएगा। आप हमारे साथ जुड़ें क्योंकि हम इन पेचीदगियों को उजागर करते हैं, भ्रामक चिंतन को सुलझाते हैं और साइबर धोखाधड़ी के चंगुल से बचने के लिए आपका ज्ञान बढ़ाते हैं।

# मकड़जाल को

# समझना



विशाल डिजिटल परिदृश्य में, ऑनलाइन जालसाज मकड़ी के जाल की तरह रणनीति अपनाते हैं, जो भोले पीड़ितों को फंसाने के लिए जटिल रूप से बुना जाता है। जिस तरह एक मकड़ी अपना जाल बहुत बारीकी से बुनती है, उसी तरह जालसाज ऑनलाइन जानकारी, समाधान या अवसर तलाशने वाले व्यक्तियों को लुभाने के लिए भ्रामक योजनाएं बनाते हैं।

⇒ **अनुरूप प्रकृति:** ऑनलाइन धोखाधड़ी के जाल मकड़ी के जाल की जटिल प्रकृति को दर्शाते हैं, जिन्हें ऑनलाइन समाधान या अवसर चाहने वाले व्यक्तियों को धोखा देने के लिए सावधानीपूर्वक बनाया गया है।

⇒ **भ्रामक सरलता:** पहली नज़र में अहानिकर दिखने वाले मकड़ी के जाल के समान, ये घोटाले खुद को वास्तविक ग्राहक सेवाओं, आकर्षक नौकरी का प्रस्ताव या लुभावने सौदों की आड़ में अपने को एक आकर्षक मुखौटे के रूप में छिपाए रहते हैं।

⇒ **पेचीदा धोखा:** धोखेबाज धोखा देने का एक जटिल जाल बुनते हैं, जो पेचीदा रूप से आपस में जुड़े हुए होते हैं। इसे समझना चुनौतीपूर्ण होता है। जालसाज़ उपयोगकर्ताओं को गलत सूचना के जाल में फंसाने के लिए विभिन्न तरीके अपनाते हैं।

⇒ **कमजोरियों का दुरुपयोग:** जिस तरह मकड़ी का जाल शिकार को पकड़ लेता है ,उसी तरह ये जाल कमजोरियों का फायदा उठाते हैं ,जिससे व्यक्ति धोखाधड़ी वाले लेनदेन ,पहचान की चोरी या वित्तीय नुकसान की भूलभुलैया में फंस जाता है।

⇒ **सावधानी से बच निकालना:** डिजिटल परिदृश्य को सावधानी और सतर्कता के साथ अपनाने में धोखाधड़ी के जाल और मकड़ी के जाल की भ्रामक प्रकृति के बीच समानता को समझना महत्वपूर्ण है।

***ऑनलाइन धोखाधड़ी के पेचीदा जाल को खोज निकालना***

# ऑनलाइन मकड़जाल को पहचानना

# फ़िशिंग से सावधान रहें !

**फ़िशिंग का पता लगाने के तरीके**

| | |
|---|---|
| अत्यावश्यक सा | तुरंत कुछ करने का सुझाव देकर फँसाने की चेष्टा |
| डरावना सा | नकारात्मक परिणाम भुगतने की धमकी देकर फँसाने की चेष्टा |
| जवाब देने का अनुरोध | व्यक्तिगत जानकारी पूछकर फँसाने की चेष्टा |
| इतना अच्छा की संदेह हो | असामान्य लॉटरी या पुरस्कार का प्रस्ताव देकर फँसाने की चेष्टा |

## फ़िशिंग रेड फ्लैग

| टेक्स्ट संदेश | ईमेल | फ़ोन कॉल |
|---|---|---|
| पुरस्कार राशि का दावा करने के लिए किसी नंबर पर कॉल करने के लिए कहना | संलग्नक डाउनलोड करने के लिए लिंक पर क्लिक करने को कहना | तत्काल प्रतिक्रिया के लिए कहना |
| केवाईसी अद्यतन के लिए पूछना | फॉर्म भरने के लिए कहना | ओटीपी / पासवर्ड पूछाना |
| आधार संख्या पूछना | गलत वर्तनी होना | पता / जन्मदिन पूछना |

**हमेशा याद रखें, बैंक ईमेल/एसएमएस या फोन कॉल पर आधार नंबर, पिन, पासवर्ड, ओटीपी, कार्ड नंबर, सीवीवी आदि जैसी संवेदनशील जानकारी नहीं मांगता है।**

# फ़िशिंग के चक्कर में न फँसें !

# ऑनलाइन मकड़जाल को पहचानना

सर्च परिणामों में

## नकली ग्राहक सेवा नंबर से

सावधान रहें

हम सभी की आदत होती है कि जब भी हमें किसी सहायता या ग्राहक सहायता की आवश्यकता होती है, तो हम सर्च इंजन और सोशल मीडिया पोस्ट पर व्यवसायों और ग्राहक सेवा नंबरों को बेतरतीब ढंग से खोजते हैं। लेकिन यह आदत महंगी पड़ सकती सकती है क्योंकि किसी पीड़ित को लुभाने के लिए इस तरह की खोज का इंतजार कर रहे होते किसी ठग या हैकर द्वारा बिछाए गए फर्जी नंबरों के जाल में आप फंस सकते हैं।

**बैंक के ग्राहक सेवा नंबर को सर्च इंजन में बेतरतीब ढंग से न खोजें।**

**यूको बैंक के ग्राहक सेवा नंबर केवल बैंक की आधिकारिक वेबसाइट (www.ucobank.com) से खोजें।**

## ग्राहक सेवा नंबर और हेल्पलाइन नंबर

https://www.

**केवल संगठन या कंपनी की आधिकारिक वेबसाइट या ऐप से ही खोजे जाने चाहिए।**



**सतर्क रहें... सुरक्षित रहें**

केवल इस नंबर पर यूको बैंक से संपर्क करें: **1800 103 0123**

हमें यहां लिखें: **uco.custcare@ucobank.co.in**

# ऑनलाइन मकड़जाल को पहचानना




## ऑनलाइन ऋण घोटालों से सावधान रहें!

## चेतावनी संकेत

! क्रेडिट स्कोर के बिना तत्काल परेशानी मुक्त ऋण प्रदान करने का प्रस्ताव ।

! शुरू में कम ब्याज दर का प्रस्ताव देता है लेकिन बाद में अत्याधिक दरों और अस्पष्ट शुल्कों की मांग करता है।



! ऋणदाता न तो सरकार के साथ पंजीकृत है और न ही आरबीआई द्वारा अनुमोदित।

! कंपनी की वेबसाइट, भौतिक पता या संपर्क जानकारी नहीं होती है।

! तत्काल ऋण स्वीकृति के नाम पर अग्रिम भुगतान की मांग करना ।

! ऋण ऐप उपयोगकर्ता के व्यक्तिगत डेटा, छवियों, संपर्कों, संदेशों आदि तक पहुंचने के लिए अनावश्यक अनुमति देने के लिए कहता है।

## कभी नहीं

असत्यापित स्रोतों से आसान ऑनलाइन ऋण प्रस्तावों के प्रलोभन से बचें ।

## सदा

यूको बैंक से ऋण आवेदन करने के लिए, अपनी निकटतम शाखा पर जाएँ या आधिकारिक वेबसाइट **www.ucobank.com** देखें।

**यूको बैंक से ऋण लेने के लिए हमारी निकटवर्ती शाखा में आएं अथवा आधिकारिक वेबसाइट www.ucobank.com पर जाएं ।**

# ऑनलाइन मकड़जाल को **पहचानना**

## फर्जी जॉब ऑफर से सावधान रहें

### चेतावनी संकेत

- अधिकाधिक वेतन के साथ सीधी नौकरी का ऑफर
- किसी साक्षात्कार या कौशल की आवश्यकता नहीं - ऐसा कहना
- त्वरित तथा सुलभ धनराशि का वादा
- अग्रिम धनराशि की मांग करना

### निवारक उपाय



ऑनलाइन बातचीत/ साक्षात्कार से पहले संगठन या उसके प्रतिनिधि के परिचय की जांच करें।



बैंक खाता विवरण/डेबिट कार्ड नंबर/यूपीआई विवरण आदि जैसी गोपनीय जानकारी कभी साझा न करें।



हमेशा प्रामाणिक जॉब पोर्टल/ आधिकारिक वेबसाइट/ ऐप पर पोस्ट की नौकरियों की ही खोज करें तथा उन्हीं के लिए आवेदन करें।



ईमेल पते और नौकरी के विवरण में वर्तनी संबंधी त्रुटियों को देखें ।

**यूको बैंक में नौकरी से संबंधित अधिसूचना के लिए आधिकारिक वेबसाइट www.ucobank.com पर जाएं।**

# ऑनलाइन मकड़जाल को पहचानना

## अपना प्रत्येक क्लिक

## इंटरनेट ब्राउज़ करते समय ध्यानपूर्वक करें

### आपका एक क्लिक आपको निम्न जोखिम में डाल सकता है



संदिग्ध पृष्ठ पर लेजाकर




धोखाधड़ी वाली साइटों पर रीडायरेक्ट होकर



मैलवेयर वाली फ़ाइलों तक जाकर

### इंटरनेट पर सुरक्षित काम-काज के सर्वोत्तम अभ्यास




URL में 'https' और पैडलॉक आइकन देखें



इंटरनेट पर अनजान लिंक, अटैचमेंट, पॉप-अप आदि पर कभी भी क्लिक न करें



ब्राउज़िंग इतिहास, कुकीज़ और अस्थायी फ़ाइलें निरंतर डिलीट करें





अपने ब्राउज़र और ऑपरेटिंग सिस्टम को अद्यतन रखें



इंटरनेट पर "पासवर्ड याद रखें" विकल्प का चयन न करें

**अपना कार्य करें और साइबर स्मार्ट बनें**

# ऑनलाइन मकड़जाल को पहचानना

## वित्तीय घोटालों से सावधान रहें !




**अपरिचित या संदिग्ध ऐप्स इंस्टॉल करने से बचें जो निवेश पर उच्च रिटर्न की गारंटी का प्रलोभन देकर, त्वरित और सहज पैसा कमाने के अवसरों का वादा करते हैं।**

### क्या करें

- ✔ धन निवेश करने से पहले हमेशा निवेश कंपनी के बारे में उचित जानकारी प्राप्त करें और नियम एवं शर्तों की जांच करें।
- ✔ हमेशा याद रखें, अवास्तविक रिटर्न दर की पेशकश करने वाली निवेश योजना संदिग्ध होती है खासकर तब जब वे टेलीग्राम, व्हाट्सएप आदि जैसे चैट एप्लिकेशन के माध्यम से पेश की जाती है।

### क्या न करें

- ✘ कम समय में बहुत अधिक रिटर्न का वादा करने वाले बहुत अच्छे निवेश अवसरों पर विश्वास न करें।
- ✘ किसी अजनबी के कहने पर कभी भी धन अंतरण न करें।
- ✘ अनजान नंबरों से आए संदेशों का जवाब देने से बचें।

Disclaimer: The literature / images / materials (courtesy from various sources viz., internet, photo gallery etc. ) used are strictly for the purpose of cyber literacy / education without any commercial purpose intended thereof.

# ऑनलाइन मकड़जाल को पहचानना

## साइबर जालसाजों द्वारा प्रलोभन के रूप में उपयोग किए जाने वाले मुफ्त उपहार ऑफर संदेशों, विज्ञापनों या ईमेल से सावधान रहें !




## ' प्रोसेसिंग शुल्क ' के रूप में चालबाजी !



जालसाज लोगों को अप्रत्याशित लॉटरी जीतने का दावा करने वाले भ्रामक संदेश या कॉल के जरिए धोखा देते हैं, 'प्रोसेसिंग फीस' जमा करवाते हैं और उसके बाद गायब हो जाते हैं।

- ❌ अप्रत्याशित पुरस्कार या लॉटरी की पेशकश करने वाली अज्ञात या संदिग्ध संस्थाओं से बातचीत करने से बचें।
- ❌ वैध लॉटरी पुरस्कार का दावा करने के लिए शुल्क की मांग नहीं की जाती है। अनुमानित जीत तक पहुंचने के लिए अग्रिम भुगतान के किसी भी अनुरोध से सावधान रहें।
- ✅ अप्रत्याशित लॉटरी जीत की प्रामाणिकता को हमेशा आधिकारिक चैनलों या स्वतंत्र खोज के माध्यम से सत्यापित करें।

# साइबर घटनाओं की रिपोर्टिंग




**साइबर धोखाधड़ी की घटना की**

**राष्ट्रीय साइबर अपराध रिपोर्टिंग पोर्टल**

**https://www.cybercrime.gov.in पर तुरंत रिपोर्ट करें**

**या सहायता के लिए 1930 पर कॉल करें।**

### शिकायतकर्ता को निम्न विवरण देना होगा

- मोबाइल नंबर।
- बैंक का नाम और खाता संख्या जिससे राशि डेबिट की गई है।
- लेन-देन का विवरण (आईडी और लेन-देन की तारीख )।
- कार्ड का उपयोग करके की गई धोखाधड़ी के मामले में डेबिट/क्रेडिट कार्ड संख्या ।
- यदि उपलब्ध हो तो लेनदेन का स्क्रीन शॉट या धोखाधड़ी से संबंधित कोई अन्य फोटोग्राफ।

शिकायत की रिपोर्ट करने के बाद, शिकायतकर्ता को एसएमएस / ई-मेल के माध्यम से एक सिस्टम जनित लॉगिन आईडी / पावती संख्या प्राप्त होगी। उपरोक्त लॉगिन आईडी / पावती संख्या का उपयोग करके, शिकायतकर्ता को 24 घंटे के भीतर राष्ट्रीय साइबर अपराध रिपोर्टिंग पोर्टल ( www.cybercrime.gov.in ) पर शिकायत पंजीकरण पूर्ण करना होगा ।

# जागरूकता और विश्वास की कड़ी मजबूत करें..

सुरक्षित साइबरस्पेस की

# कठोर बुनियाद रखें

जो हमारे ऑनलाइन मार्ग को संरक्षित करें

***सी. आई. एस. ओ . कार्यालय***

यूको बैंक (भारत सरकार का उपक्रम) UCO BANK (A Govt. of India Undertaking)

सम्मान आपके विश्वास का Honours Your Trust